विवरण : 'हाकिम' शायर के अशआर है। और उस पर सिराजुद्दीन अली खाँ 'आरजू' के इस्तदलाल व एतराजात पर जवाबात। ११०७ हिजरी की तारीख़ हाकिम ने इस रिसाले पर तहरीर की है कदीम जमाने में सुखन फहम हजरात, अबयातो अशआर पर बहस किया करते थे। चुनाचे: 'हाकिम' के अशआर पर जो एतेराजात किये गये है। उसके जवाबात इस रिसाले में मौजूद है।

❖❖❖❖❖

१०– नाम किताब : जुब दतुत तवारीख़

लेखक : जानी अहमद बिन मोहम्मद अली

भाषा : फारसी

विषय : इस्लाम धर्म (गद्य)

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : २५०

साइज : तेरह/चौबीस सेन्टीमीटर

एकसेशन न० : ४८३३४

प्रथम पृष्ठ : बिस्मिल्ला हिर्रहमानिर्रहीम।

: अल हम्दु लिल्लाहिल लजी .... मुअज्जुल किराम

विवरण : यह रिसाला जुबदतुत तवारीख मज्हबे इस्लाम मे जो अहकाम, नमाज और रोजे के बारे मे कुरआन मे आये है अनको अरबी की इबारतो को सामने रखकर फारसी मे तरतीब दिया गया है। किताब के आखिर मे इसका सने तालीफ १२२७ हिजरी समझ मे आता है रोज पजशबा (जुमेरात) के आगे दीमक ने इबारत को चाट लिया है। किताब पर नव्वाबीने अवध की तीन मुहरे सब्त है। एक मुहर मे नवाब अमजद अली शाह का नाम पढ़ा जा सकता है।

❖❖❖❖❖

११– नाम किताब : जिब दतुत–तवारीख़
लेखक : नूरुल हक
भाषा : फारसी
विषय : इतिहास
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : ४०२
साइज : साढे पन्द्रह/साढे पच्चीस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३७६
प्रथम पृष्ठ : बिस ...... खुत्ब–ए–किबरिया व जलाल बनामे शहशाहे सरद के: आलिमो हर चे: दर आलम –स्त आफरीद: ....

विवरण : इस तारीख पर मोहम्मद शाह बादशाह गाज़ी की 'मुहर' है। नव्वाबीने अवध की भी मुहरे सब्त हैं। मुझे यह तस्नीफ शाह अब्दुल हक मुहद्दिस देहलवी की मालूम होती है। चूंकि मैंने जिबदुत त–तवारीख के नाम से कही किसी लायब्रेरी मे शेख अब्दुल हक मुहद्दिस देहलवी का नाम देखा है सन् १०९८ हिजरी से ११६३ हिजरी तक का इन्दिराज इस में मौजूद है। इबतिदाई सफहात ५ है। उसमे मुख़तलिफ तारीखी मादे मजकूर है। कुतबुद्दीन ऐबक से लेकर शाह आलम तक की तारीखे मजकूर है।

❖❖❖❖❖

१२– नाम किताब : तज़करःतुल दौल–अ–ते शाही
लेखक : दौलत शाह समरकदी
भाषा : फारसी
विषय : कवियों की जीवनी
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : २९०
साइज : साढे बीस / पन्द्रह सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३४१
प्रथम पृष्ठ : बिसः तहमीदी कि शाहबाज बुलद परवाज़ अन्देशः बसाहतो फज़ा कबरी.....

विवरण : यह शोरा–ए–फारस का तजकरा है। तुस्खः बहुत ही कदीम है मगर जगह जगह से बोसीदः है। मरम्मत नाकाफी है। सुलेमान जाह की मुहर १२४४ हिजरी की इस पर सब्त है। नवाब अमजद अली शाह और नवाब वाजिद अली शाह की इस पर 'मुहर' सब्त है। स्याह कलम से कुतुबखानः में दाखिलः के वक्त की तारीख मुशी–ए–कुतुबखानः ने रबी–उल–अव्वल १२६२ हिजरी की डाली है। उस्ताद अनसरी, फिरदौसी, फररुखी अमअक बुखारी वगैरह–वगैरह शोरा का जिक्र और उनकी अद–अ–बी शनाख्त इसमे करवायी गयी है। २५० शोरा से ज्यादा की फहरिस्त किताब में मौजूद है।

❖❖❖❖❖

१३– नाम किताब : तफसीरे हुसैनी
लेखक : हुसैन काशफी
भाषा : फारसी अरबी
विषय : तफसीरे कुरआन
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : १५७९
साइज : साढे सत्ताईस / पन्द्रह सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३८८
प्रथम पृष्ठ : बिस मिल्ला हिर–रहमा, निर रहीम अऊजु पनाह मी गीरम व इलतिजा मी नमायम.......

विवरण : यह कुरआन की तफसीर है और फरसी मे है। इसका साले तस्नीफ १०९० हिजरी है। गोया ये ३३० साल पुरानी किताब है। इसके मुसन्निफ हुसैन काशफी है। पहला सफह तिलाई हुस्नकारी से मुजय्यन किया गया है। यह कुरआन के तीस पारो की मुकम्मल तफसीर है। खते नस्तालीक इस कदर उमद: और खफी है कि तारीफ नही की जा सकती। किताब में जगह–जगह दीमक लग रही है। सुर–खिया अरबी में काइम की गयी है। जिसमें लाल रोशनाई इस्तेमाल की गयी है।

❖❖❖❖❖

१४– नाम किताब : तवारीखे कंधार
लेखक : सय्यद नजफ अली
भाषा : फारसी
विषय : तारीख नवीसी (इतिहास)
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : २७०
साइज : साढे इक्कीस / साढे तेरह सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३४२
प्रथम पृष्ठ : दो कस ब कुरबे ऊ कुश्त: शुदद व पंज कस बे आके ....

विवरण : मीरजा कामरान मुगल के कूच फरमाने और वक्ती तौर पर पेशे बाग नुजूल फरमाने के जिक्र से वाकेआ निगारी का आगाज होता है। शुरू के सफहात गायब है। हुमायू बादशाह और बाबर के मजकूरात तारीखे कंधार में मौजूद है और फिर जुमला लवाहिकीन व सरदारान का भी जिक्र है अजाँजुमल: महाबत खा वगैर:। निहायत उम्द: खते नस्तालीक का नुस्खा है नवाबीने अवध की मोहरे सब्त है।

❖❖❖❖❖

१५– नाम किताब : तारीख़–ए–अलफ़ी (जिल्द एक)
लेखक : नकीब खा
भाषा : फारसी
विषय : इतिहास
प्रकाशित–अप्रकाशित : खते नस्तालीक (कलमी)
पृष्ठ : ५३८
साइज : साढे तेईस/पैतीस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३८९
प्रथम पृष्ठ : कत्ले–ऊ नमूद ....

विवरण : यह तारीख, तारीखे अल्फी के नाम से मौसूम है। इसमे एक हजार साल की तारीख जस्ता–जस्ता बयान की गयी है। ये इस्लामी ममालिक व सलातीन के जिक्र से लबरेज है। इसके शुरू के सफहात गुमशुदा है, आखिर के भी गायब है। इस पर नवाबीने अवध की मुहरे लगी है। १२३७ हिजरी की तारीख पहले सफे पर रकम है (लिखी है)।

❖❖❖❖❖

१६– नाम किताब : तारीख़–ए–अलफ़ी दफ़तर दोयमः Vol.-II
लेखक : नकीब ख़ॉं
भाषा : फ़ारसी
विषय : इतिहास
प्रकाशित–अप्रकाशित : नुसख़–ए–खते नस्तालीक (कलमी)
पृष्ठ : १२८४
साइज : तैंतीस /बाईस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३९०
प्रथम पृष्ठ : रब्बे यस्सिर .... तज़किरा...........

विवरण : एक हजार साला तारीखे इस्लाम व मलूक व सलातीने इस्लाम पर ये तारीख़ तफसील से रोशनी डालती है। तारीख़ काफी पुरानी है। नवाबीने अवध के अलावा एक मुहरे स्याह किसी बादशाह की है जो पढ़ी नहीं जा सकी। सुलेमान जाह बहादुर की मुहर, अमजद अली शाह की मुहर, वाजिद अली शाह की मुहर, इस के अलावा दाखिल दफ्तर होने की तारीख ११८२ हिजरी, १२३७ हिजरी माहे रमजार और ६ रबी उलअव्वल, १२६२ हिजरी की सन् दर्ज है। यह किताब ख़ते न स्तालीक का अच्छा नमूना है। आख़री औराक कुछ गुम हैं।

❖❖❖❖❖

१७– नाम किताब : तारीख़े आलम आरा भाग – एक
लेखक : अब्दुल वाहिद
भाषा : फ़ारसी
विषय : इतिहास
प्रकाशित–अप्रकाशित : पाण्डुलेपी (कलमी मख़तूतः)
पृष्ठ : ९००
साइज : साढे चौबीस/तेरह सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३४९
प्रथम पृष्ठ : अलामकी .... पैदाबूद

विवरण : यह इतिहास आदम से आरम्भ होकर मोहम्मद रसूलल्लाह तक आता है। यह ख़ते नस्तालीक है। यह पहला भाग ६ रबीउलअव्वल १२६२ हिजरी को दाखिल किया गया था। इस पर नवाब अमजद अली शाह और सुलेमान जाह की मोहरें लगी है।

❖❖❖❖❖

१८– नाम किताब : तारीखे – फ़रिशतः
लेखक : मोहम्मद कासिम अल मारुफ "फरिश्तः"
भाषा : फ़ारसी
विषय : इतिहास
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : १२००
साइज : साढे तेईस/साढे उन्तालीस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३५८

प्रथम पृष्ठ : बिसः....... पेशे वुजूदे हमः आयंदगान, पेशे बका–ए–हमः पाइन्दगान काफिल सालारे जहाँ...........

विवरण : यह तारीख पूरी दुनिया मे तारीख की किताबों मे अपना अहम मकाम रखती है। यह तारीखे–फरिश्तः के नाम से मौसूम है। इसकी दो फस्ले इसी एक जिल्द मे मौजूद है। निहायत अहम और कीमती नुस्खः है। फुतूहाते इसलामिया और सलातीन का इस मे जिक्र है और खुद मुसन्निफ एक "सय्याह" है। इस पर किसी नवाब की 'मुहर' नही है। जिस शख्स ने यह अत्यः लायब्रेरी को दिया है। उसका नाम भी कही मजकूर नही है।

❖❖❖❖❖

१९– नाम किताब : तारीखे मुग़ल

लेखक : मोहम्मद युसुफ 'नकहत'

भाषा : फारसी

विषय : इतिहास

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : २४२

साइज : इक्कीस/बत्तीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३३२

प्रथम पृष्ठ : इज्जत खा ब इनायते खलअते खास्स..........

विवरण : सन् १२२३ हिजरी मे मोहम्मद शाह के अहद मे मोहम्मद यूसुफ 'नकहत' ने इस तारीख को पेश करके बादशाहे–वक्त से इनआमो–इकराम हासिल किया। शाहजहा के अहदे शादकाम से लेकर मो० शाह मुगल तक, इसमे वका–ए–निगारी और तारीख नवीसी से काम लिया गया है। तहरीर, खते नस्तालीक मे है मगर किताब के अव्वल औराक कितने गाइब है इसका पता नही चलता। किसी राम दयाल पडित का भी १२५० हिजरी मे एक नोट दर्ज है जिस मे इसका इज़्हार किया गया है केः किताब का नाम मालूम नही हो सका।

❖❖❖❖❖

२०– नाम किताब : तारीखे सआदत

लेखक : मुशी इमाम बख़्श "बेदार"

भाषा : फारसी

विषय : इतिहास (मन्जूम बतरजे मस्नवी)

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : १४७

साइज : साढे तेरह/साढे तेईस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३५९

प्रथम पृष्ठ : बिसः....ई किताब मौसूम ब तारीखे सआदत तस्नीफ फकीर हकीर सरासर तकसीर मुशी इमाम बख़्श अल मुत–अ–खल्लुस बः बेदार ....

विवरण : यह किताब तारीखे–सआदत बतरजे मस्नवी नामुकम्मल है। बाब दर अहवाले रोजगारे खुद मुकम्मल नही है। आखरी बाब, दर खात्म–ए–किताब तारीखे सआदत गोयद........ भी गायब है किताब के

कुल १४७ सफहात मौजूद है। बाकी सफहात जिनके आखिर मे तालीफो तस्नीफ की तारीख मुन्दरिज है गायब है। सिर्फ नव्वाबीन की मुहरो से इतना पता चला कि १२३२ हिजरी मे इसका किसी और की तहवील मे पाया जाना साबित है। बाकी की मुहरे इसके बाद की है।

❖❖❖❖❖

२१— नाम किताब : तारीखे सुल्तान मोहम्मद कुतबशाह

लेखक : मीरजा मोहम्मद अमीन

भाषा : फारसी

विषय : इतिहास

प्रकाशित—अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : २७२

साइज : साढे अठ्ठारह/इकत्तीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३८५

प्रथम पृष्ठ : बिस: तहमीदी के: शाहबाजे बुलंद परवाज अंदेश—ए—मुबाहति किबरियाई आ तैरान न तवानद..............

विवरण : इस तारीख पर जिसका नाम तारीखे सुल्तान मो० कुतब शाह है किसी नवाब या किसी बादशाह की 'मुहर' नही है मगर यह निहायत जामेअ तारीख है और हैदर आबाद के सलातीन से मुताल्लिक है। खते तहरीर निहायत उम्द: है। सुल्तान मो० कुतब शाह के शहजादगान और उनके आबा—उ—अजदाद का जिक्र शरहो—बिस्त से किया गया है। वाकेआत निगारी मे इख्तेसार से काम लिया गया है। आखिर के सफहात गायब है।

❖❖❖❖❖

२२— नाम किताब : तुहफतुन नादिरीन

लेखक : मोहम्मद सईद

भाषा : फारसी

विषय : इन्शा—ए—लतीफ ब जुबाने फारसी

प्रकाशित—अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : २७६

साइज : साढे ग्यारह /साढे अठ्ठारह सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८४००

प्रथम पृष्ठ : बिस मिल्ला हिर—रहमा—निर—रहीम जहाने जहा बिनावश जहादारी रा......

विवरण : किताब की हालत खस्त: है। इसकी मरम्मत गलत तरीके से की गयी है, दीमक जद: भी है। मुझे यह कदीम नुस्ख: अहदे आलमगीर (औरगजेब) का लगा क्यूकि किताब के आखिर मे मुअल्लिफ ने अबुल मुजफ्फर हजरत बादशाह औरगजेब बहादुर आलमगीर खुल्दुल्लाहु व मुल्कुहू व सुल्तानुहू जैसी इबारत से किताब को मुजय्यन करते हुये इसकी तारीखे तालीफ १०९९ हिजरी तहरीर की है। अस्ल किताब गोया ३२१

साल पुरानी है। इस किताब को जिस कातिब ने नक्ल किया है उसका नाम मोहम्मद सईद है। यह नुस्खा ब एहतेमामे मो० बेग अवध के कुतुबखाने मे दाखिल किया गया जिसपर अवध के नवाब अमजद अली शाह की मुहर सब्त है। जिसमें १२३१ हिजरी तहरीर है। किताब में कहीं तानसेन से मुताल्लिक हिकायत है कहीं युसुफ जुलैखा की, मुखतलिफ हिकायतो का गुलदस्त: इन्शाये लतीफ से सजाया गया है।

❖❖❖❖❖

२३— नाम किताब : तुहफ़तुल अहबाब फ़ी बयानुल—अंसाब

लेखक : मोहम्मद खलीलुल्लाह अंसारी

भाषा : फारसी

विषय : नसब नाम: (शजर—ए—फिरंगी महल)

प्रकाशित—अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ४९

साइज : साढ़े बीस/तैंतीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८००१

प्रथम पृष्ठ : बिस .... अल्हम्दु लिल्लाहिल लजी खल—अ—कल मौजूदातु व अतिकुल इन्सानु व बदरे अजाइबुल मख्लूकात..........

विवरण : जनाब मो० खलीलुल्लाह असारी फिरंगी महली ने सन् १३०५ हिजरी में अपने खान्दान के मुताल्लिक शजर: नवीसी का अंदाज इख्तियार करके यह तालीफ की है। खत नस्तालीक है। फिरंगी महल के उलामा—ए—किराम, फिरंगी महली क्यू कहलाये इसकी वज्हे:तस्मिय: भी तहरीर की है। सने हिजरी के हिसाब से यह कलमी मखतृत: एक सौ पन्द्रह साल पुराना है। इस पर किसी नवाब की 'मुहर' सब्त नही है। यह किताब किसी जाती कुतुबखाने से लाइब्रेरी मे मुन्तकिल हुयी है।

❖❖❖❖❖

२४— नाम किताब : तूती नामा

लेखक : फरीद उद्दीन अतार

भाषा : फारसी

विषय : कहानी

प्रकाशित—अप्रकाशित : पाण्डुलिपी

पृष्ठ : ३६६

साइज : पन्द्रह /बत्तीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३६८

प्रथम पृष्ठ : मशवरत .... आमद अस्त!

विवरण : इस पाण्डुलिपी मे प्रथम एव द्वितीय पृष्ठ का सम्बन्ध तूतीनामा से नही है। तूतीनामा के शुरू के पृष्ठ नही है। मगर यह मशहूर किताब है और हजरत फरीद उद्दीन अतार ने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर

बहस की है। जिन किरदारों पर कहानी चलती है, वह मानव नही बल्कि चिड़ियाँ है। जैसे तूती, ताऊस, इत्यादि यही इस पुस्तक के मुख्य किरदार है। किसी कातिब ने यह अस्ल पाण्डुलिपि से नक्ल की है इस का खत कहीं–कहीं शिकस्ता है। किताब की 'मरम्मत' होनी चाहिये।

❖❖❖❖❖

२५– नाम किताब : तोहफ़–अ–तुल मोमिनीन
लेखक : मोहम्मद अब्दुल मोमिन हुसैनी
भाषा : फारसी
विषय : तिबे यूनानी
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : ६३४
साइज : तैतीस/बीस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३४०
प्रथम पृष्ठ : बि:सुबहानक–अ, अल्लाहुम्म: बा अकदूसे मा तय्यबन–नुफूसो......

विवरण : यह किताब हकीम मो० मोमिन हुसैनी ने तरतीबो तदवीन की है। इनके वालिद भी हाजिक हकीम थे, जिनका जिक्र मीर मुहम्मद जमा के नाम से साहिबे तालीफ ने किया है। नव्वाबीने अवध में से, सुलैमान जाह (नसीरुद्दीन हैदर) की खिदमत में यह नुस्खः पेश किया गया है। मगर इस पर किसी नवाब की 'मुहर' सब्त नहीं है। किताब दीमक जदः हो चुकी है। कोई सूरत अगर इसको महफूज रखने की हो सके तो की जाए। किताब नादिर है।

❖❖❖❖❖

२६– नाम किताब : तोजोके तैमूरी
लेखक : इबादुल्लाह इब्ने हा०मो०अमीन
भाषा : फारसी
विषय : सवानेह (आत्म कथा)
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : १०६
साइज : ग्यारह/साढे बीस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३६७
प्रथम पृष्ठ : बिस..... फरजन्दाने मुल्क गीर कामगारो बिनायर जविल कदरे मुल्कदार का मालूमे ऊ ....

विवरण : सन् ११०९ हिजरी में इबादुल्लाह इब्ने हा०मो० अमीन ने तैमूर के वका–ए–और सवानेह इस किताब में तहरीर किये है। इसका नुस्खः बहुत पुराना है और बेश कीमत है। किताब खते नस्तालीक का बहतरीन नमूनः है। इस पर नवाबीने अवध की तीन मुहरे सब्त है। पहली मुहर सुलैमान जाह की, दूसरी अमजद अली सुल्तान की, तीसरी नवाब वाजिद अली शाह की। सन् ११९७ हिजरी की भी मुहर है सन् १२३१ हिजरी की भी मुहर है। सफहः–ए–आखिर पर भी नव्वाबीन की मुहरे है।

❖❖❖❖❖

२७– नाम किताब : दीवाने ज़हूरी
लेखक : मौलाना जहूरी
भाषा : फारसी
विषय : शायरी
प्रकाशित–अप्रकाशित : अप्रकाशित (कलमी)
पृष्ठ : ९६४
साइज : उनतीस/सतरह सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३९१
प्रथम पृष्ठ : बिस्मिल्लाहिर–रहमा–निर–रहीम खर–अ–मे चम–अ–ने सुखन ब तार–वते हम्दे बहार..........

विवरण : जहूरी फारसी साहित्य का एक विश्वसनीय और लोकप्रिय कवि है। यह संग्रह उसी का है। इस पर अमीरुद्दौला तअल्लुकेदार महमूदाबाद की 'मुहर' लगी हुयी है। यह मुहर दिनांक १२१९ हिजरी की है। दूसरी 'मुहर' कुतबखान–ए–सफवी की भी इसी किताब पर मौजूद है जो ११३९ हिजरी की है।

❖❖❖❖❖

२८– नाम किताब : नल व दमन (मन्जूम)
लेखक : फैजी
भाषा : फारसी
विषय : शायरी (मस्नवी)
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : २६४
साइज : सोलह/साढे सत्ताईस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३५७
प्रथम पृष्ठ : बि...... ऐ दरत के: व पाऐ तो जे आगाजे अन्काए बुलंद परवाज.........

विवरण : १७ मई १८४३ ई मुताबिक १५ रबीउस सानी १२५९ हिजरी को लाला बनारसी दास साहब खल्फे चौधरी साहब, छावनी नसीराबाद अजमेर की खिदमत में फौजदार खां साकिन बल्द–ए–दारुल खैर अजमेर शरीफ ने किताबत करके किस्म–ए 'नलो दामन' अस्ल नुस्खे से नकल करके, जिसके मुसन्निफ दरबारे–अकबरी के मशहूर शायर "फैजी" है, लालाजी की खिदमत में पेश किया। मस्नवी नलोदमन दुनिया भर में इस वजह से मशहूर है कि यह अस्ल सस्कृत भाषा में है। फैजी ने इसे फारसी का रुप दिया और कविता में दिया जबकि सस्कृत भाषा में यह किस्सा गद्य में है, पद्य में नही। इस से साबित हुवा कि फैजी फारसी का बहुत बडा शायर है।

❖❖❖❖❖

२९– नाम किताब : फरहंगे बहारे दानिश
लेखक : इनायतुल्लाह मिर्जा
भाषा : फारसी
विषय : लुगत नवीसी
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ६६

साइज : पन्द्रह /साढे पच्चीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३५६

प्रथम पृष्ठ : बिस....... बादे हम्दो सनाये मकदरे मुतलक व नाते सय्यदुल मुर सिलीन व मनाकिबे वसी–ए–बरहक

विवरण : २५ रबी उस सानी १२५५ हिजरी को फरहगे बहारे दानिश तमाम हुई। इसमें मुसन्निफ ने यक तरजुम–अ–ऐ–लुगाते किताबे बहारे दानिश्र तहरीर किया है। मगर इससे 'फरहग' का मतलब वाजेह नही हुआ। दर अस्ल यह बहारे दानिश में मुस्तअमिल होने वाले अलफाजों इस्तेलाहात की तफसीरी लुगत है। इसी नुस्ख: मे एक मसनवी 'आतिश नामा सोजो गुदाज' के नाम से है। जो हा० अब्दुल रहीम की तहरीर है। उसकी जिल्द बन्दी इसी किताब के साथ हो गयी है जो १५ सफहात पर मुशतमिल है।

❖❖❖❖❖

३०– नाम किताब : फ़रहंगे मुरक्केबातु किनायात मय लुग़ात

लेखक : हकदाद खा जलवानी

भाषा : फारसी

विषय : लुग–अ–ते फारसी

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : २४६

साइज : चौदाह/ साढ़े तेईस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३६२

प्रथम पृष्ठ : रब्बेयास्सिर बि० व तम्मम बिलख़ैरि। खातेमा मुशमिल बर पच दर, दर अव्वल...

विवरण : यह फरहग हकदाद खा जलवानी ने तसनीफ की है इसका नाम फहरिस्त में गलत इन्दराज था। कुतुबखान–ए–नव्वाबीने अवध के इन्दराज में न० ७२ पर इसका नाम फरहगे मुरक्किबातु किनायात दर्ज है। जिसकी तसदीक मुसन्निफ की मुन्दरज: जैल इबारत से हो रही है। जो उसने किताब के आखिर में तहरीर की है। तम्मत तमाम शुद, फरहगे मुरक्किबातु किनायात मय लुगात ब जेहते बरखुरदार फरहत आसार करीमदाद खा ...... यानि करीमदाद खा की जेहदु कोशिश से यह किताब तैयार हुई। यह ६ रबीउल–अव्वल ११५९ हिजरी को मोहम्मद शाह बादशाह को उसके २९वे जुलूस के मौके पर नज्र की गयी ।

❖❖❖❖❖

३१–नाम किताब : बयाज़े ग़ज़लियात

लेखक : कातिब 'हकीर'

भाषा : फारसी

विषय : शायरी की बयाज

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : २४०

साइज : साढ़े बारह/छब्बीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३९५

प्रथम पृष्ठ : गजले सादी: वक्ते तरब खुश बाफतम आ दिलबरे तन्नाज रा ....

विवरण : ९ फरवरी १८५० ई० (२५ रबीउल ऊला १२६६ हिजरी को कातिब सरबसुधराय तखल्लुस ब 'हकीर' ने कुवंर धनपत राय पिसर राजा उलफत राय की खिदमत मे उनकी फरमाइश पर यह बयाजे गजलियात मुरत्तिब करके उनकी खिदमत में पेश की। साहिबे तहरीर खुद भी शायर है और उसकी एक गजल फारसी मे "हकीर" तखल्लुस के तहत इस बयाज मे दर्ज है। सादी, हाफिज, उरफी वगैरा फरसी शोरा का चुनिदा कलाम इसमें मौजूद है। बहुत ही खुशखत नुस्खः है।

❖❖❖❖❖

३२– नाम किताब : मज–म–उल फ़रसे सरवरी

लेखक : मोहम्मद कासिम

भाषा : फारसी

विषय : लुग–अ–ते फ़ारसी

प्रकाशित–अप्रकाशित : क़लमी

पृष्ठ : ५१०

साइज : चौदह/चौबीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३६४

प्रथम पृष्ठ : बिस्मिल्लाह .... इब्तिदाये कलाम हर दानिशमन्द सुखनवर व इनितहा–ए–सुखन हर खिरदमद.......

विवरण : इस किताब का नाम मजमउल फारसे सरवरी है न कि फरहगे सरवरी। इसमें फरसी इस्तिलाहो से बहस की गयी है और उस जमाने की तमाम लुगात से अलफाजु मुआनी की भी बहस की गयी है। यह बहस निहायत गहराई और फिक्र से की गयी है। यह किताब सुल्तान इब्नेसुल्तान अबुल मुजफ्फर शाह अब्बास बहादुर खा खुलदुल्लाहु मुल्कुहू की खिदमत मे मुसन्निफ की तरफ से पेश की गयी थी। यह बहुत मशहूर लुगत है। इसका जिक्र सिराजउद्दीन अली "आरजू" ने अपनी लुगत सिराजुल लुगत मे किया है। इस लुगत को कातिब मो० शरीफ ने जो शहर पटना का साकिन है। ९ शव्वाल १०४३ हिजरी मे नक़्ल किया है। यह उसी का नक्ल किया हुआ नुस्खः है। इस किताब पर नव्वाब अमजद अली शाह की बडी मुहर लगी है। इबतिदा मे भी किताब पर मोहरे सब्त है।

❖❖❖❖❖

३३– नाम किताब : मस्नवी मौलाना रुम १,२,३, हिस्सा

लेखक : मौ० जलालुद्दीन रुमी

भाषा : फारसी

विषय : शायरी (मस्नवी)

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ४१२

साइज : साढे चौतीस/साढे अठ्ठारह सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३८६

प्रथम पृष्ठ : बि०: हाजा किताबुल मस्नवी–उल मानवी उल मौलवी वहुवा उसूले, उसूलुद्दीन......

विवरण : यह किताब जिसका नाम मस्नवी मौलाना रुम बहुत मशहूर है, यह सुल्तान मोहम्मद शाह के अहद मे मोहम्मद नूर कातिब ने तहरीर की है। खत बहुत ही उम्द: है कलम बेहद खूबसूरत है। उस जमाने का यह रिवाज था कि फारसी की मशहूर किताबे कलमी होती थी। यह किताब मौलाना जलालुद्दीन रुमी ने शायर की हैसियत से बतरज़े मसनवी, 'तसव्वुफ' के मसाइल समझाने के लिए तहरीर की थी। यह दुनिया की मशहूर मसनवी साबित हुई। जिसका तरजुमा तकरीबन हर जुबान में हो चुका है। यह मोहम्मद शाह से बहुत पहले लिखी गयी थी। मगर यह नुस्खा मोहम्मद शाही दौर का कलमी नुस्ख: है। बहुत बुरी हालत मे है।

❖❖❖❖❖

३४– नाम किताब : मस्नवी शोरे इश्क़

लेखक : नामालूम

भाषा : फारसी

विषय : शायरी (मस्नवी)

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : १८

साइज : उन्नीस / साढे ग्यारह सेन्टीमीटर

एक्सेशन नं० : ७८४०८

प्रथम पृष्ठ : बि०.... सिफ–अ–ते बज़्मे उरुसी, कौकबश चू रवां के: दीद शुद सरे मंजिले माहे पदीद ....

विवरण : यह मस्नवी मुकम्मल नही है। मालूम होता है कि मस्नवी तवील होगी। क्यूकि न इसमे नव्वाबीन की 'मुहर' है न सने दाखिला न मुसन्निफ का नाम। बस यह तवील मस्नवी का एक जुज्व है।

❖❖❖❖❖

३५– नाम किताब : मीज़ानुल हिकमत

लेखक : अबू उसमान दमिश्की

भाषा : फारसी

विषय : तिब

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : १३२

साइज : ग्यारह / साढ़े उन्नीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन नं० : ७८४१२

प्रथम पृष्ठ : बअजे अज बादशाहान सुकरात रा ....

विवरण : शुरू के सफहात गायब है आखिर के भी गायब है। तिबे यूनानी से मुताल्लिक मुख्तलिफ हकीमो का जिक्र है पुराने हकीमों ने जो नजरियात व खयालात इन्सान को लाहिक होने वाली बीमारियो और मरजो के बयान किये है और उससे मुताल्लिक उसको दूर करने के तरीके बताइ है। बहुत सी पुरानी किताबो का जो तिब से मुताल्लिक है उनका निचोड इस किताब मे पेश किया गया है। इस्तिलाहात, और एतिकादात से भी बहस की गयी है। इस किताब का सने तालीफ इस वजह से नही बताया जा सकता कि शुरू और आखिर के सफहात नही है। लेकिन यह किताब अपनी लिखाई रोशनाई और कागज की वजह से क़ाफी पुरानी है।

❖❖❖❖❖

३६– नाम किताब : मुन्तखब–उल–लुग़ाते शाहजहानी

लेखक : अब्दुल रशीद

भाषा : फारसी

विषय : लुगाते फारसी

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ८९२

साइज़ : साढे बारह /साढ़े बाईस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३७०

प्रथम पृष्ठ : बिस मिल्ला–हिर्रहमा निर्रहीम। नशिस्तन गाउ पाये रा सख्त रसीदत ....

विवरण : अरबी के और फारसी के पचास हजार से ज्याद: अल्फाज़ और काफी से ज्याद: जरबुल अम्साल को शाहजहा के जमाने में उसके शोब–ए–तस्नीफु–तालीफ ने यह लुगत तरतीब दी है और इसे शाहजहा के नाम से मअनून किया है। इसपर सुलैमान जाह की १२४४ हिजरी की एक मोहर है। और १२५३ हिजरी की नवाब अमजद अली शाह की और नवाब वाजिद अली शाह सुलताने आलम की 'मुहर' है शायद १२६३ हिजरी की तारीख है अच्छी तरह साफ नही है।

❖❖❖❖❖

३७– नाम किताब : मुन्तखिब–उल–तवारीख़

लेखक : मुल्ला अब्दुल कादिर बदायूनी

भाषा : फारसी

विषय : इतिहास

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ११३६

साइज : पन्द्राह /तीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३६९

प्रथम पृष्ठ : बिस मिल्ला हिर रहमा निर रहीम आगाज़ ....

विवरण : ३ रबी उलअव्वल १२६२ हिजरी दाखिल कुतुबखाना (पुस्तकालय) खास हुई। नवाबीने अवध की तीन मोहरे लगी है। कुतुबखाना सुलेमान जाह १२४४ हिजरी, कुतुबखाना नवाब अमजद अली शाह (तारीख पढी नही जा सकती) कुतुब खाना वाजिद अली शाह (तारीख पढी नही जा सकती) ये मशहूर लेखक और अकबर के नवरत्न, मुल्ला अब्दुल कादिर बदायूनी की तसनीफ (किताब) है। जिका इतिहास में अपना एक स्थान है। जहा जहा फतह हासिल हुई उसकी तफसील इस मे मिलती है। वकाये निगारी और सवानेह का अजीब गरीब मुरक्का है जिस का जवाब नही।

❖❖❖❖❖

३८– नाम किताब : मुन्तखिब–उत्तारीख़

लेखक : अब्दूल कादिर बदायूनी

भाषा : फारसी

विषय : इतिहास

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ८३९
साइज : पन्द्रह /सत्ताईस सेन्टीमीटर
एक्सेशन नं० : ४८३३०
प्रथम पृष्ठ : बि....... ऐ याफ्त–ए–नामहाज, नामे तो रिवाज.................

विवरण : यह तारीख, जिसका नाम मुल्ला अब्दुल कादिर बदायँनी की वजह से फने तारीख में बहुत मशहूर है १००४ हिजरी में तालीफ की गयी। मुल्ला "अब्दुल कादिर बदायूँनी" अकबरे–आजम के जमाने में तारीख नवीसी पर मामूर थे। खते नस्तालीक निहायत उम्द: है। अली हसन खा के कुतुबखाने की इसपर 'मुहर' सब्त है। अकबर के ४०वीं सने जुलूस के मौके पर मुन्तखिब्बुत्तारीख अकबर के दरबार में बाकायेद: पेश की गयी थी। मुल्ला अब्दुल कादिर अकबर के नवरत्नों में से 'एक' थे।

❖❖❖❖❖

३९– नाम किताब : रिसाला इन्तिज़ामे सलतनत
लेखक : ना मालूम
भाषा : फारसी
विषय : इन्तिज़ामे हुकूमत
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : ९२
साइज : साढे बीस /तेरह सेन्टीमीटर
एक्सेशन नं० : ४८३५०
प्रथम पृष्ठ : रब्बे यस्सिर बिस्मिल्लाहिर्रहमा निर्रहीम, व तम्मम बिल खैरि।
इबतिदाय सुखन बनाम परवरदिगार यके आलम व हर चे: दर आलम ....

विवरण : इस किताब को काफी गौर से पढ़ा, लेकिन रिसाला इन्तिजामे सल्तनत किताब का नाम कही नही मिला। मुसन्निफ या मुअल्लिफ का नाम भी नहीं मिला। वैसे आगाजे इस्लाम से उमूरे सल्तनत को कैसे निभाया गया और सलातीन में क्या–क्या खूबिया होनी चाहिये और रिआया के साथ कैसे पेश आना चाहिये और हुस्ने इन्तिजाम को किस तरह मुखतलिफ शोबा हाये इन्तिजामो–इन्सिराम में बाटना चाहिये और इस्लाफ ने कैसे–कैसे बाटा था। यही इस किताब का मौजअ है। किताब की हालत और खते तहरीर बहुत अच्छा है। यह किताब भी कुतुबखाना सुलेमान जाह की 'मुहर' के साथ दीगर मुहरे भी अपने अन्दर रखती है बतारीख याजदहम रबीउल अव्वल १२६२ हिजरी को यह अमजद अली शाह के कुतुबखाने में दाखिल की गयी, यह १२४४ हिजरी में सुलैमान जाह के कुतुब खाने में दाखिल थी।

❖❖❖❖❖

४०– नाम किताब : रिसाल: सिफ़ातुस्सैफ़
लेखक : मोहम्मद हादी व लुतफुल्लाह "निसार"
भाषा : फारसी
विषय : शमशीर जनी व अकसामे शमशीर जनी
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : ४६
साइज : साढे बारह /बाईस सेन्टीमीटर

एक्सेशन नं० : ४८३९९

प्रथम पृष्ठ : बि० .... ऐहसाने बे पाया रब्बुल अकरमुल अकरमीन, कि ब नूर ....

विवरण : यह रिसाला उस्तादाने शमशीरजनी से इसतिफादा करके तलवार चलाने के दाउपेच सिखाने के लिए लिखा गया है। इसके इलाव: दूसरे हिस्से में अकसामुस्सैफ यानी तलवारों की किस्में लिखी गयी है। दुनिया में तलवार की साख्त, नमूने उसकी धार रखने का फन और अरबी, रूमी, हिन्दुस्तानी तलवारों की साख्त से बहस की गयी है। शकलें भी नमूने के तौर पर दी गयी हैं। फिरंगियों की तलवारों से भी बहस की गयी है। फ्रांस की तलवारें भी जेरे–बहस लाई गयी हैं। राजपूत हजरात तलवार कैसी बनाते है। इसका भी इसमें जिक्र है। १० जीकाद ११९७ हिजरी इस पर तहरीर है। १२३१ हिजरी मो० बेग ने तहरीर किया है, १२४१ की 'मुहर' सुलेमान जाह की है। अपनी किस्म का वाहिद रिसाल: है और नायाब है।

❖❖❖❖❖

४१– नाम किताब : लुग–अ–ते फारसी

लेखक : सअ–दुल्लाह

भाषा : फारसी

विषय : मुहावराते फारसी

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : २७८

साइज : बाईस/साढ़े चौदह सेन्टीमीटर

एक्सेशन नं० : ४८३६०

प्रथम पृष्ठ : बि..... अम्मा बाद, चूँ इल्तिफाते मसोसाने मअसिर अज वाफ़–उ–कासिर–उ–अज मलूक साहिबे सुलूक ....

विवरण : यह लुग–अ–ते फारसी दर अस्ल जरबुल अम्साले फारसी अरबी, तुरकी और मावराउन–नहरी वगैर: अल्फाज पर मुख्तसरन मुन हसिर है। खते तहरीर बहुत ही प्यारा है। इस पर एक 'मुहर' कुतुबखान–ए–शहे जमन १२३७ हिजरी की दूसरी कुतुबखान–ए–सुलैमान जाह की जो १२४४ हिजरी की है तीसरी नवाब अमजद अली शाह की १२६२ हिजरी की चौथी नवाब वाजिद अली शाह की १२६४ हिजरी की, पाचवी मुहर नहीं है बल्कि तहरीर है जिस्में ब एहतिमामे फिदवी मुशी मोहम्मद अली अफल्लाहु अन्हु। याजदहम रबीउल अव्वल १२६२ हिजरी तहरीर है। छटी 'मुहर' गवर्नमेन्ट कालेज लाइब्रेरी बनारस की है। इस में तारीख नही है और इग्रेजी की मुहर एक गोल दायरे में है।

❖❖❖❖❖

४२– नाम किताब : लुगाते तिब

लेखक : मुशी मोहम्मद अली

भाषा : फारसी

विषय : तिब

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ९३८

साइज : सोलह/छब्बीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन नं० : ४८३७२

प्रथम पृष्ठ : बि०.... अल्हमदु लिल्लाहे रब्बिल आलअ—मीन वस्स्लातु वस्सलामु अला खैरि खलकिही मुहम्मदन ....

विवरण : किताब के सफह आखिर पर मुशी मुहम्मद अली मुसिन्नफ ने अपने कलम से किताब के खातिम: बिल खैरि की तारीख ७ जिलहिज्ज: १२३७ रकम की है और सबब—ए—तस्नीफ सफह: अव्वल पर गाजि—उद्दीन हैदर बादशाह की पजीराई तहरीर किया है। यह किताब तिबे यूनानी के इमराज़ व इस्तलाहात पर मबनी है और उन इमराज के लिए नुस्ख: जात भी इसमें तहरीर किये गये हैं। कदीम हिकमते यूनानी की किताब है और बहुत सी हिकमत की किताबों का निचोड है।

❖❖❖❖❖

४३— नाम किताब : वाकेआते बाबरी

लेखक : मिर्जा अब्दुर रहीम खानेखानां

भाषा : फारसी

विषय : इतिहास

प्रकाशित—अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ५१२

साइज : पंद्रह/साढे छब्बीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन नं० : ४८३६६

प्रथम पृष्ठ : बिस० दर माहे रमजान सन् हफ्तद व नौदोन: दर विलायते फरगाना दर दुवाज़्द: शुद लके बादशाह शुदम.........

विवरण : नवाबीने अवध नसीरुद्दीन हैदर (सुलेमान जाह, अमजद अली शाह, वाजिद अलीशाह के कुतुबखानों की इस पर मुहरे सब्त है। मिर्जा अब्दुर रहीम खानेखाना की यह मशहूर तस्नीफ है। जो अहदे बाबरी से शुरू होकर अहदे जहांगीरी तक वाकेयात पर मबनी है। कलम के पाकीज: खत और पुराने फन की वजह से यह नुस्खा बेश कीमत है। कातिबे दरबार का नाम मालूम नही। ६ रबीउलअव्वल सन् १२६२ हिजरी की तारीख नम्बरे मौजदात पर पढी जासकती है। सन् १२६३ हिजरी की मोहर नवाब वाजिद अली शाह की मोहर से साबित है।

❖❖❖❖❖

४४— नाम किताब : शरहे जामी

लेखक : नेमत खा 'आली' लखनवी

भाषा : फारसी

विषय : ग्रामर

प्रकाशित—अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ६४

साइज : सोलह/तेईस सेन्टीमीटर

एक्सेशन नं० : ४८३९७

प्रथम पृष्ठ : बिस...... अल्कलम: लफ्ज वज़अ व मानी मुफरद तरकीब के: अल्कलेमतो मुब्तदास्त व लफजन खबअ—रे—मुब्तिदा ....

विवरण : २४ शव्वाल १२१४ हिजरी बरोज जुमा को नेमत खा आली साकिन करीमगंज लखनऊ ने इस तशरीहे कवाइद फारसी ब मौसूम मजहरे–तजल्लि याते रहमानी अजदुल कमालाते ईजदे सुबहानी वगैरहा अलकाब से नवाब अवध की खिदमत में पेश किया है। तीन नव्वाबीन की मोहरें सब्त हैं। मैंने किताब का नाम शरहे जामी बहुत तलाश किया मगर मुझे नहीं मिला। इसके शुरू के सफहात गायब हैं। मोहम्मद बख्श मुसन्निफ का नहीं, अफसरे कुतुबखाना का नाम है।

❖❖❖❖❖

४५– नाम किताब : शरहे जामे जहाँ नुमा

लेखक : शाह वजीहुद्दीन गुजराती

भाषा : फारसी

विषय : तसव्वुफे दीने इस्लाम

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ७२

साइज : बीस/तीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३९६

प्रथम पृष्ठ : बिस..... हम्द बेहद व शुक्र बेहद सजा–ए–जाते के: वह दतश मन्शा–ए–अहदि यतो व अहदियत शुद:

विवरण : यह किताब तसव्वुफ (सूफीइज्म) के बारे में है। जिस का नाम "जामे जहानुमा" है। यह उसके जुज १ की शरह है और फारसी जुबान में है। इसके मुसन्निफ का नाम शाह वजीहुद्दीन गुजराती है। किताब बहुत बोसीद: है और खुशखत नस्तालीक में जली खत में लिखी गयी है। नवाब अमजद अली शाह की 'मुहर' और १२६२ हिजरी पढ़े जा सकते हैं। इस किताब में मस्ल–ए–वहदतुल वजूद और मस्अल–ए–वहदतुश–शहूद से बहस की गयी है।

❖❖❖❖❖

४६– नाम किताब : शरहे जुलेखा

लेखक : मुहम्मद आबिद खा

भाषा : फारसी

विषय : 'मसनवी' फारसी शायरी की वियाख्या

प्रकाशित–अप्रकाशित : अप्रकाशित

पृष्ठ : १९६

साइज : साढे इक्कीस/बारह सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३७४

प्रथम पृष्ठ : रब्बे यस्सिर बिस्मिल्ला हिर–रहमा–निर–रहीम व तम्मत बिल खैरि........

विवरण : हाशिय–ए–जुलेखा बतारीख १० शव्वाल ११९१ हिजरी बरोज मगल स्थान: लखनऊ मुहम्मद आबिद खा ने यह 'शरह' पहले रामपुर रियासत में पूर्ण की थी मगर जब लखनऊ से पजीराई अर्थात इनाम की उम्मीद बाधी तो इस 'मुसव्वदे' में से रियासत रामपुर को काट कर लखनऊ लिख दिया गया। अस्ल किताब जिसकी यह व्याख्या है फारसी साहित्य की मशहूर मसनवी युसुफ जुलैखा है। जिसके लेखक मौलाना अब्दुल रहमान 'जामी' हैं।

❖❖❖❖❖

४७– नाम किताब : शरहे मिरातुल हक़ाइक़
लेखक : मुहम्मद हमीदुल्लाह
भाषा : फारसी
विषय : इस्लाम
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : ६२
साइज : बीस/तीस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ७८४०४
प्रथम पृष्ठ : बिस..... अलहम्दु लिल्लाहिल्लजी अरी कुलूबे खास: वजूहे तजल्लियातिहि.....

विवरण : इस रिसाले के ख़ात्मे पर मनदरजाज़ैल इबारत तहरीर है: तम्मत रिसाल: अराअतुदकाइक फी शरहे मिरातुल हकाइक बिल खैरि वस्सआदते–११८१ हिजरी। हजरत इमाम शाफई रजी० ने मस्अल–ए–तनासुख पर अरबी मे एक रिसाल: मिरातुल हकाइक लिखा था यह उसी की फारसी शरह है। जिसे अराअतुद दकाइक के नाम से मो० हमीदुल्लाह ने किताबत किया है।

❖❖❖❖❖

४८– नाम किताब : सवानहे दकन
लेखक : मुनइम खा हम्दानी
भाषा : फारसी
विषय : इतिहास
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : २४४
साइज : अट्ठाइस/अट्ठारह सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३५४
प्रथम पृष्ठ : बिस०.... हम्दे दा वरी के: बूकलमूने अकालीमे सब्आ रंग ....

विवरण : ११९७ हिजरी में यह किताब सवानहे दकन मुनइन खा हम्दानी ने मुख्तलिफ तारीखों के माखज से इस्तेफादा करके निहायत जामेअ अदाज मे तरतीब दी। इसमें मीर निजाम अली खा बहादुर नवाब दकन के सवानेह तहरीर किये गये है। नव्वाबीने अवध अज जुमला नसीरुद्दीन हैदर (सुलेमान जाह) अमजद अली शाह व वाजिद अली शाह के जाती कुतुब खानो की इस पर मुहरे सब्त है। किताब का खत नस्तालीक और हालत ठीक है।

❖❖❖❖❖

४९– नाम किताब : सिराजुल लुगत (हिस्सा दोयम)
लेखक : सिरजुद्दीन अली खा 'आरजू'
भाषा : फारसी
विषय : लुगत
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : २४२
साइज : चौदह/इक्कीस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८३४५
प्रथम पृष्ठ : बिस०.... अम्मा बाद, हम्दे वाजेह जमीअे नआतु सलातु.बर अफसहु व

अफ–सलु मौजूदात ....

विवरण : नवाब अमजद अली शाह की इसपर मुहर सब्त है। ७ रबीउस–सानी १२२३ हिजरी को सिराजुल लुग़त की यह जिल्द जिसके मुसन्निफ सिराजुद्दीन अली खा 'आरजू' है की यह नक्ल तमाम हुई इसमें लुगातो इस्तलाहाते शोरा–ए–मुताख्खरीन बयान की गयी है। किताब की हालत खस्त: है। जगह–जगह दीमक आलूद: है। मरम्मत की गयी है मगर काफी नही है।

❖❖❖❖❖

५०– नाम किताब : सिराजुल लुग़ात

लेखक : सिराजुद्दीन अली खां 'आरजू'

भाषा : फारसी

विषय : लुगत

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : १८४

साइज : साढ़े तेरह/छब्बीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३७५

प्रथम पृष्ठ : रब्बेयस्सिर बिसमिल्ला.... वतम्मम बिलखैरि अम्मा बाद हम्द वाजेह जमीअे लुगातो सलात बर अफसहे मौजूदात ....

विवरण : यह सिराजुद्दीन अली खां 'आरजू' की सिराजुल लुगात की दूसरी जिल्द है। यह मीर तकी 'मीर' के सगे मामू और 'फने रीख़्त:' के उस्ताद भी है। इन्होने खुद भी उर्दू व फारसी मे गजले कही है। यह लुगत उन्ही की है। इसमे "इसतिलाहाते शोरा–ए–मुताख्खिरीन" मिस्ल फरहगे जहाँगीरी, सरवरी व बुरहाने कातेअ वगैर: से इस्तिफादा करके दाखिले लुग–अते दोम किया गया है। इसका सने तहरीर ११६० हिजरी है। और इस किताब के इन्दराजात से पता चलता है कि इसको 'कोठीखास' मे जमा किया गया था। क्योकि इसमे लिखा है: आमद अज कोठीखास। सियाह रोशनाई से मुहर मे १२२४ हिजरी की तारीख दर्ज है। यह कलमीनुस्ख: काफी नायाब है। मगर किताब की हालत खस्त: है। तीन नवाबो की इसपर मुहरे है।

❖❖❖❖❖

५१– नाम किताब : सिराजुल लुग़ात (दोयम)

लेखक : सिराजुद्दीन अली खा 'आरजू'

भाषा : फारसी

विषय : लुगत

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ३७०

साइज : तेरह/ बाईस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३९८

प्रथम पृष्ठ : बिस०.... अम्मा बाद, हम्दे वाजेह जमीअे आफातु सलातु बर अफसहु अफ–जले मौजूदात ....

विवरण : यह सिराजुल लुगात की दूसरी जिल्द है। इसमे कही कही दीमक लगी है। बाकी की मुहरे वही है जैसे जैनुद्दीन अहमद खा की मुहर, सुलेमान जाह की मुहर, अमजद अली शाह की मुहर, सुलेमान जाह की

मुहर के अलावह सुलताने आलम वाजिद अली शाह की भी मुहर सब्त है। ४ रबीउल अव्वल १२६२ हिजरी में भी एक इन्दिराज दाखिले कुतुबखान: का है। मालूम होता है कि इसमें औराक कम हो गये हैं। क्योंकि सर वरक के हिसाब से २८७ औराक की दलील मौजूद है जिसके हिसाब से ५७४ सफहात होना चाहिए, यहां कुल १८५ औराक मौजूद हैं जिसके हिसाब से ३७० सफहात मौजूद हैं। सने तस्नीफ १०७० हिजरी तहरीर है।

❖❖❖❖❖❖

५२– नाम किताब : सिराजुल लुग़ात (तीसरा हिस्सा)
लेखक : सिराजुद्दीन अली खां 'आरज़ू'
भाषा : फारसी
विषय : लुग–अ–ते फारसी
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : ३२४
साइज : इक्कीस/साढे बारह सेन्टीमीटर
एक्सेशन नं० : ४८३४४
प्रथम पृष्ठ : बिस०..... लिहमदुल्लाहे अला जिबरीलुल अब: व अस्ले अला अशरफुल अबिया व औलिया अम्मा बाद ....

विवरण : यह सिराजुल लुगात का तीसरा हिस्सा है। एक जगह हाशिये पर १४ रबीउल अव्वल १२३६ हिजरी की तारीख है। सफह: अव्वल पर ८ रबीउल अव्वल १२६२ मरकूम है। एक 'मुहरे' सियाह खुर्द, जैनुद्दीन अहमद खां की है। एक सुलेमान जाह की १२४४ हिजरी की। दूसरी अमजद अली शाह की है। इसमें औराक की जिल्द बदी कही–कही गलत है जैसे बाबुल–या शुरू मे है। और बाबुल–बा–आखिर में, चूंकि सफहात की निशाँ दिही नही की गयी इस वजह से यह गलती हुयी।

❖❖❖❖❖❖

५३– नाम किताब : सिंहासन बत्तीसी
लेखक : फजले हक
भाषा : फारसी
विषय : किस्सा/कहानी
प्रकाशित–अप्रकाशित : पाण्डुलिपी
पृष्ठ : १५२
साइज : चौदह/तेईस सेन्टीमीटर
एक्सेशन नं० : ४८३६३
प्रथम पृष्ठ : बिस० शुक्रे दर–दर गाह........

विवरण : राजा विक्रमाजीत के वाकेयआत व फसानाए अजीबो गरीब को हिन्दी में "सिहासन बत्तीसी" के नाम से जाना जाता है। इन्ही वाकेआत की फारसी भाषा मे २७ रबी उलअव्वल १२३६ हिजरी को लिखकर, किताब का नाम सिहासन बत्तीसी रखा। इस को मिर्जा अकबर अली अस्फहानी ने हाथ से लिखकर, फजले हक ने फारसी में अनुवाद करके, दीवान साहब लाला कालका प्रसाद सदर कोठी मकनपुर की खिदमत मे पेश किया।

❖❖❖❖❖❖

५४– नाम किताब : सियरुल मुत–अ,–अख़्ख़रीन

लेखक : गुलाम हुसैन

भाषा : फ़ारसी

विषय : इतिहास

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ६८४

साइज : साढ़े तेरह/बीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३६५

प्रथम पृष्ठ : बिस..... सिपास बे कियासु–सिताइश सरमदी असास, निसारे बारगाहे अजमतो जलाल ....

विवरण : गर्र: माह सह सफर सहशब: ११९४ हिजरी में गुलाम हुसैन बिन हिदायतुल्लाह खां तबातबाई अल हसनी ने यह तारीख तहरीर फरमाई। इस में अहदे औरगजेब आलमगीर के सूबेदार बराये गुजरात गाजिउद्दीन खा और उनके हम अस्रों की तारीख है। पुरानी और नायाब किताब है जो अपने जमाने का एहाता करती है।

❖❖❖❖❖

५५– नाम किताब : हलिय्यतुल मुत्तक़ीन

लेखक : अबदुस समद खुरासानी व मौलाना आख्वदुल अस्फ़हानी

भाषा : फारसी

विषय : हदीस

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ६४०

साइज : सतरह/छब्बीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३९४

प्रथम पृष्ठ : बिस..... अल्हमदु लिल्लाहिललजी हलिय्य अबियाअल मुर सिलीन ब अहसने हुलिय्यतुल मुत्तकीन व बुअसु ....

विवरण : हस्बुल फरमाइश मो० बिलाल अली खां साहब, मिर्जा अहमद कातिब ने इसको नक्ल किया। नक्ल करने के बाद यकुम जीकाद १२४७ हिजरी को इस की किताबत खत्म की। नवाबीने अवध की 'मुहर' १२५२ हिजरी की सब्त है। मो० बेग मुशी ने मौजूदात में दाखिल दफ्तर की है। नवाब अमजद अली शाह की 'मुहर' सब्त है। यह किताब अस्नाए अश–अ–रिया यानी अहले–बैत हजरात के अकाइद की है। जिसमें इमामैन के कौल नक्ल किये गये है।

❖❖❖❖❖

५६– नाम किताब : हुमायूँ नामा (मंज़ूम)

लेखक : शाह पीर मोहम्मद

भाषा : फारसी

विषय . : शायरी (मस्नवी)

लखनऊ मंडल के तत्कालीन आयुक्त श्री देश दीपक बर्मा
अमीरूद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी के बाल कक्ष में पुस्तक प्रदर्शिनी के आयोजन के दौरान पुस्तकालय की लाइब्रेरियन नुसरत नाहीद तथा बच्चों के साथ।



तिब्बती भाषा में लिखित बौद्ध-साहित्य की एक अनमोल पांडुलिपि।

प्रकाशित—अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ५०८

साइज : तेईस/पन्द्रह सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३४८

प्रथम पृष्ठ : बिस.... विरद करद अज कुदरते किबरिया.....

विवरण : शैख पीर मोहम्मद खै़र आबादी ने हुमायूँ नामा की मज़ूम करके २ रबी उस सानी १२१७ को ब मुकाम फतेहपुर ब जमान–ए–शाह आलम तस्नीफ किया। यह शायरी की मशहूर सिन्फ मस्नवी की तर्ज पर तहरीर किया गया है। इसमे हुमायूँ बादशाह के वाकेआते तस्खीरे मुल्क व तौसीफे जाती बयान की गयी है तहरीर मामूली है कलम का खत मामूली है मगर अशआर से शायर की कादिरुल कलामी का एहसास होता है। किताब की मरम्मत अखबारी कागज छपे हुये से की गयी है जो मुनासिब मालूम नहीं होती। जगह–जगह अशआर गाइब है। मिसरे टूटे हुये है किसी ने मिसरे लगाये है मगर मुकम्मल नहीं।

❖❖❖❖❖

उर्दू

१– नाम किताब : इन्द्र सभा
लेखक : अमानत लखनवी
भाषा : उर्दू
विषय : मंजूम ड्रामा (शायरी)
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : ६३
साइज : साढे बीस/सौलह सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८००३
प्रथम पृष्ठ : उनवान: आमद राजा इन्द्र की, बीच सभा के, सभा में दोस्तो इन्दर की आमद आमद है। परी जमालों के अफसर की आमद आमद है।

विवरण : अमानत लखनवी अहदे वाजिद अली शाह के शायर हैं। उन्होंने महफिल साज़–नवाब वाजिद अली शाह के लिये यह मन्जूम ड्रामा ब जुबाने उर्दू तहरीर किया था, जो उस वक्त के उन मशहूर मन्जूम ड्रामो में से एक है। जो नवाब वाजिद अली शाह के महफिल खाने में खेला जाता था। तारीखे तस्नीफ १२७१ हिजरी है।

❖❖❖❖❖

२– नाम किताब : कुल्लियाते जुरअत
लेखक : जुरअत लखनवी
भाषा : उर्दू
विषय : शायरी
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : ११६०
साइज : बीस/बत्तीस सेन्टीमीटर
एक्सेशन न० : ४८००७
प्रथम पृष्ठ : बिसमिल्ला हिर्र हमा निर्रहीम, नालये मौजूँ से मिसरा आह का चस्पाँ हुवा। जोर यह पुर दर्द अपना मतलये दीवा हुवा।

विवरण : लखनऊ के 'जुरअत' शायर की हैसियत से बहुत मशहूर है। यह उन्ही का शायराना कलाम "कुल्लियात" (सम्पूर्ण) की शक्ल में मौजूद है। इसका पहला पन्ना तिलाई है। और खते तहरीर 'नस्तालीक' है। इस नुस्खे की कीमत और अहमियत इस कारण से भी बढ जाती है कि इस पर मिर्जा सआदत अली खा नाजिमे जग की 'मुहर' है और इस पर १२५९ हिजरी की तारीख पडी है।

❖❖❖❖❖

३– नाम किताब : दीवाने सौदा
लेखक : मिर्जा मो० रफी "सौदा"
भाषा : उर्दू
विषय : शायरी
प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी
पृष्ठ : ३९६

साइज : साढ़े तैतीस/बीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८००८

प्रथम पृष्ठ : रब्बे यस्सिर बिस्मिल्लाहिर्रहमा निर्रहीम व तम्मम बिल खैरि, दीवान मिर्जा रफी 'सौदा'.......

विवरण : बादशाह गाजिउद्दीन हैदर ने १२४१ हिजरी में पांच सौ रुपये इसके कातिब को इनाम दिये: एक शेर:—

अजब नादां है वह, जिन को है उजबे ताजे सुल्तानी।
फलक बाले हुमा को पल में सौंपे है मगस रानी।।

❖❖❖❖❖

४— नाम किताब : बयाज़, उर्दू फ़ारसी ग़ज़लियात

लेखक : अहमद हसन खा

भाषा : फारसी, उर्दू (मिली जुली)

विषय : शायरी

प्रकाशित—अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ३२८

साइज : साढ़े सोलह/नौ सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३३७

प्रथम पृष्ठ : रहते हैं शाद हम तो निहायत अदम के बीच। इस जिन्दगी ने लाके फसाया है गम के बीच।

विवरण : यह "बयाज" उर्दू, फारसी गजलियात पर मबनी है। निहायत ही अच्छा इन्तेखाब है और खते नस्तालीक भी उम्दा है, कागज विलायती है। हाशिय: तिलाई है। इस 'बयाज' को १२५९ हिजरी २७ जीकाद बरोज जुमा को अहमद हसन खा बहादुर ने अपने भाई इरतिज़ा हुसैन को इनायत फरमाया।

❖❖❖❖❖

५— नाम किताब : श्रीमद् भागवति

लेखक : भोपत

भाषा : अवधी, कही—कही ब्रज भाषा, तहरीर 'उर्दू'

विषय : कविता की सूरत मे, धार्मिक ग्रथ

प्रकाशित—अप्रकाशित : अप्रकाशित

पृष्ठ : ४८०

साइज : साढ़े बत्तीस/साढ़े बीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३३९

प्रथम पृष्ठ : श्री गणेश नमः समरुन ओ निरजन देवा। जेह को देव न जानत मेवा।

विवरण : यदि यह कहा जाए कि 'पदो' की सूरत मे कविता के द्वारा श्री भागवती के बारे में फारसी रस्मुल खत में (जो उस जमाने में प्रचलित था) ब्रज भाषा और अवधी कलाम की सरचना उन लोगों के लिए की गयी है जो फारसी और उर्दू रस्मुल खत से वाकिफ है। ४८० पन्नो पर फैले हुये इस ग्रथ मे, आखरी दो पन्नो पर लेखक को उर्दू भाषा मे मुबारकबाद दी गयी है। २४ जुलाई १८४४ ई० को यह ग्रथ पूर्ण हुवा।

❖❖❖❖❖

६– नाम किताब : श्री भागवत् महा पुराण

लेखक : सूरदास

भाषा : 'ब्रज' (रस्मुल खत उर्दू)

विषय : हिन्दु धर्म (पद)

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी (अप्रकाशित)

पृष्ठ : २३४

साइज : चौबीस/सत्तरह सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३२९

प्रथम पृष्ठ : हर की हाथ निमाह। दसम स्कदी श्री भागवत् महा पुराण। 'सूरदास' करत राग सारग व बलावल।

विवरण : यह पुस्तक कवि 'सूरदास' जी ने अस्ल भाषा ब्रज में लिखी है जो पद की सूरत मे है। इसी पुस्तक को जिस्का नाम श्री भागवत महापुराण है श्री बंसीधर जी ने अपनी मुहर लगाकर फारसी रस्मुत खत मे तहरीर किया है। इसका खते तहरीर उस जमाने के अनुसार नस्तालीक है। पुस्तक लिखने का समय २७ जुलाई १८४३ ई० है।

❖❖❖❖❖

७– नाम किताब : हमल–ए–हैदरी

लेखक : मुहम्मद रफी बाजिल

भाषा : उर्दू

विषय : तारीखे इस्लाम

प्रकाशित–अप्रकाशित : कलमी

पृष्ठ : ७८६

साइज : चौदाह/ बीस सेन्टीमीटर

एक्सेशन न० : ४८३७३

प्रथम पृष्ठ : रोजे दर खिदमते हजरत पैगम्बर मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम.......

विवरण : काफी तलाश किया मगर किताब का नाम मुसन्निफ का नाम, या कातिब का नाम नही मिला क्योंकि फहरिस्ते कुतुब में हमल–ए–हैदरी के नाम से दर्ज है इसलिए मैंने वही नाम लिख दिया मगर ब्रेकिट में 'नामालूम' भी दर्ज कर दिया है। किताब का मौजूअ जंगे सफ्फैन मे हजरत अली और हजरत अमीर मुआविया के दरमियान जो मारका आराई पेश आई और फरीकैन में कौन हक पर था यही इस किताब में दर्शाया गया है। १२४४ हिजरी की मुहर सुलैमान जाह बहादुर की और १२६२ हिजरी की मोहर नवाब अमजद अली शाह की है।

❖❖❖❖❖